an>

Title: Regarding Delhi-Meerut Highspeed train corridor.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): महोदया, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।...(व्यवधान) वर्ष 1985 में राÂष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एन.सी.आर.पी.बी.) का गठन करने का एक उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पर बढ़ रहे दबाव को कम करना था।...(व्यवधान) इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एन.सी.आर. में आने वाले प्रमुख नगरों को दिल्ली से रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम से जोड़ने की योजना थी, ताकि इस क्षेत्र में रहने वाले लोग एक घंटा या उससे कम समय में दिल्ली पहुँचकर दिन-भर अपनी नौकरी, व्यवसाय इत्यादि कार्य करके अपने घर वापस लौट जाएं।...(व्यवधान) इस दृष्टि से एन.सी.आर.पी.बी. के गठन के 26 वर्ष बाद 29 जून, 2011 को नगर विकास मंत्रालय, एन.सी.आर.पी.बी. तथा राÂट्रीय राजधानी क्षेत्र से सम्बन्धित दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।...(व्यवधान) दो वर्ष बाद 11 जुलाई 2013 को एन.सी.आर.टी.सी. का गठन किया गया।...(व्यवधान) अब उसके भी लगभग तीन वर्ष बाद हाल ही में फरवरी के अन्त में इस कारपोरेशन के अध्यक्ष की नियुक्ति हुई है।...(व्यवधान)

महोदया, दिल्ली-मेरठ के बीच आर.आर.टी.एस. के अन्तर्गत दिल्ली-मेरठ के बीच रैपिड रेल का अलाइन्मेंट निर्धारित करने के लिए होने वाली अनेकों बैठकों के बारे में मैं गत सात वÂ◌ा◌ं से सुनता आ रहा हूँ तथा अब अन्ततः एन.एच.- 58 पर रैपिड रेल का मार्ग निर्धारित किया गया है।...(व्यवधान) कुल मिलाकर रैपिड रेल के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की गति अत्यन्त धीमी रही है तथा अब माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनने के बाद इसमें कुछ गति आई है।...(व्यवधान)

महोदया, मेरठ-दिल्ली के बीच द्रुत आवागमन की अनुपलब्धता के कारण मेरठ की प्रगति अवरूद्ध हो गई है।...(व्यवधान) सड़क मार्ग पर मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे की अब शुरूआत हुई है, जिसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी व माननीय नितिन गडकरी जी का क्षेत्र की जनता की ओर से मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।...(व्यवधान)

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली-मेरठ हाई स्पीड ट्रेन के मन्द गति से चल रहे प्रोजेक्ट की भी स्पीड अब बढ़ाएं, ताकि इस बहुप्रतीक्षित योजना पर कार्य प्रारम्भ हो।...(व्यवधान) हाई स्पीड ट्रेन चल सके तथा मेरठ एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास को गति मिल सके।...(व्यवधान) आपने समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।